तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 27 जुलाई 2025



12 कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकों ने....





13 शिक्षा को नई दिशा देने हुआ मंथन






## खबर संक्षेप

### कारगिल विजय दिवस पर भाजपा ने किया शहीद सैनिकों को नमन



जगदलपुर। कारगिल विजय दिवस पर शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व कार्यकतार्ओं ने अमर जवान शहीद स्मारक में श्रद्धा सुमन अर्पित कर वीर बलिदानी सैनिकों का स्मरण कर उनको नमन किया। मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि भारत व पाकिस्तान के मध्य वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था। भारतीय सेना के वीर सैनिकों ने अद्भुत शौर्य व पराक्रम का परिचय देते हुये पाकिस्तान की सेना को परास्त किया था। भारत को विजय दिलाने में वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहूति दी थी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय, बैदूराम कश्यप, महापौर संजय पाण्डेय, निगम अध्यक्ष खेम सिंह देवांगन, आर्येन्द्र आर्य, प्रकाश झा, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, संजय चंद्राकर, शशिनाथ पाठक, रोहित त्रिवेदी,निर्मल पाणिग्रही, ब्रिजेश शर्मा,सुधा मिश्रा, लक्ष्मी कश्यप, ममता राणा, माहेश्वरी ठाकुर, गीता नाग आदि शामिल रहे।

### विशालकाय इमली पेड़ गिरने से हुआ नुकसान

**जगदलपुर।** शहरी क्षेत्र से सटे घाटपदमुर पंचायत के भाटागुड़ा पारा में निवारत भाजपा नगरनार मण्डल एवं जिला महामंत्री मनोज पटेल के पक्के मकान के ऊपर भोर सुबह करीबन 3 बजे के दरमियान एक विशालकाय इमली का पेड़ जड़ सहित उखड़ कर गिर गया। जिससे मनोज पटेल के शेष पेज 12 पर



# सैनिकों के अदम्य साहस व अनुशासन के वीडियो प्रेजेंटेशन ने युवाओं में देश सेवा की भावना जगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. मनोज कुमार श्रीवास्तव ने भारत माता की छायाचित्र पर पूजा अर्चना व दीप प्रज्जवलित किया। अपने उद्बोधन में भारतीय सैनिकों की वीरता, बलिदान एवं देशभक्ति को नमन करते हुए छात्रों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया।

डॉ. सजीवन कुमार ने स्वागत भाषण में वीर शहीदों को नमन व देशभक्ति, शौर्य साहस भारत वासियों की सुरक्षा वीर सेना का योगदान को याद किया। आभार प्रदर्शन प्रो. एमएस मिश्रा विभागाध्यक्ष कला संकाय द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ भुनेश्वर लाल साहू सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान ने किया। इस अवसर पर प्रो स्वपन कुमार कोले विभागाध्यक्ष मानव विज्ञान एवं जनजाति अध्ययनशाला,डॉ सुकृता तिर्की विभागाध्यक्ष शिक्षा अध्ययनशाला,डॉअभिषेक अवस्थी विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी, डॉ. सियालाल नाग,डॉ.पूर्णेन्द्र मिर्धा,डॉ राजेश्वर कुमार, डॉ. तूलिका शर्मा,डॉ दुर्गेश डीक्सेना,देवेंद्र कुमार यादव, हरीश कुमार,शिक्षक गण,छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का सम्मान साल श्रीफल भेंट कर कुलपति द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

### युवा सेना की भूमिका सराहनीय

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारी विंग कमांडर जेपी पात्रों सेवा निवृत्त इंडियन एयर फोर्स ने देश की रक्षा में वायुसेना की भूमिका और कारगिल युद्ध के अनुभव साझा किए। सेवानिवृत्त इंडियन आर्मी कर्नल अक्षय कर ने अपने उद्बोधन में सैनिकों के अद्वितीय साहस व अनुशासन को वीडियो क्लिप प्रेजेंटेशन के माध्यम से चर्चा करते हुए युवाओं में देशसेवा का संकल्प जगाया।




## मनमानी : अधीक्षिका की शिकायत लेकर छात्राएं पहुंचीं कलेक्टर बंगला

# कस्तूरबा विद्यालय की शिकायत की जांच पर पहुंचीं तूलिका तो छात्राएं फफक कर रो पड़ीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में शिक्षा व्यवस्था इतनी बदहाल हो चुकी है कि अब छोटे बच्चे कलेक्टर बंगला घेरने पहुंच रहे हैं। मामला जिले में संचालित कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का है। आज सुबह 7 बजे कस्तुरबा विद्यालय के बच्चे अधीक्षिका की शिकायत लेकर कलेक्टर बंगला घेरने पहुंचे। इस दौरान बच्चों की मुलाकात कलेक्टर से नहीं हो पाई उन्हें डरा-धमका कर स्कूल वापस ले जाया गया। इस मामले की जानकारी लगते ही जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा बच्चों से मिलने कस्तुरबा आश्रम पहुंची। तुलिका कर्मा को देख बच्चे फफक-फफक कर रोने लगे और अपनी परेशानी बताने लगे। बच्चों ने बताया कि अधीक्षिका द्वारा लगातार उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। खाने में हर दिन पत्तागोभी और लौकी की सब्जी दी जाती है। विद्यालय के तरफ से मिलने वाले ड्रेस व जूते भी अभी तक उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधीक्षिका द्वारा मारपीट की जाती है साथ ही बच्चों से मिलने आने वाले उनके परिजनों से अभद्र व्यवहार किया जाता है। विद्यालय में होने वाले कार्यक्रम के लिए बच्चे चंदा कर पूरी व्यवस्था करते हैं। बच्चों ने बताया कि जब से कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय में अधीक्षिका उमा सिन्हा की पदस्थापना हुई है उस दिन से उन्हें नहाने का साबुन तक नहीं मिला है। सुविधाओं को लेकर जब बच्चों ने अधीक्षिका से बात करनी चाही तो उन्हें गालियां देकर चुप करा दिया गया। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य तुलिका कर्मा ने अधीक्षिका को जमकर फटकार लगाई। तुलिका ने कहा कि जिले में पहली बार होगा जब इतने छोटे बच्चे कलेक्टर बंगले का घेराव करने पहुंचे हैं। विश्वास नहीं होता ये शेष पेज 12 पर

- स्कूल ड्रेस, जूते सहित नहाने का साबुन तक नहीं दिया जाता



### पति पावर में है इसलिए अधीक्षिका की मनमानी

तुलिका ने बताया कि जिला मिशन समन्वयक कार्यालय में भष्ट्राचार की हद देखिए जिस अधीक्षिका की शिकायत लेकर बच्चे रोड में उतर रहे है उसे नन्हें परिन्दें में नवीन पदस्थापना दे दी गई। बताया जाता है कि अधीक्षका उमा सिन्हा के पति जिला मिशन समन्वयक में पदस्थ हैं इस कारण उन्हें हर कृत्य के लिए अभयदान मिला हुआ है। भाजपा सरकार सिर्फ बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं नारा लगाने तक सीमित है। पूरे प्रदेश सहित दंतेवाड़ा जिले में बेटियों का क्या हाल हो रहा है यह किसी से छूपा नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक मूक दर्शक बनकर बैठे हुए है। जिले में शिक्षा व्यवस्था सुधारने कोई पहल नहीं की जा रही है। तुलिका ने कहा कि बच्चों के साथ अभ्रद व्यवहार करने वाली अधीक्षिका को निलबिंत किया जाए साथ ही बच्चों के मांग अनुसार नई अधीक्षिका नियुक्त किया जाए अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कोर्ट के आदेश पर हटेगा परिवहन विभाग का बेरियर और धर्मकांटा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सीमावर्ती राज्य में बस्तर जिले के धनपूंजी में विवादित जमीन पर परिवहन विभाग का बेरियर एवं धर्मकांटा बना है। जमीन के मालिक ने न्यायालय के शरण में गया तो न्यायालय ने परिवहन विभाग को उस जमीन पर बने बेरियर एवं धर्मकांटा को हटाने का आदेश दिया है। इससे पूर्व में भी जमीन मालिक द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद इसे शुरू नहीं किया गया था। इस आदेश से परिवहन विभाग असमंजस में है कि अब तक बेरियर एवं धर्मकांटा हटाकर कहां लगाएंगे। हालांकि परिवहन विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व ही वाहनों का ओव्हरलोड जांच करने के लिए धर्मकांटा शेष पेज 12 पर

- न्यायालय की शरण में पहुंचा था जमीन का मालिक

### हर महीने 25 लाख का मिल रहा था राजस्व

*इसी बेरियर से हर महीने लगभग 25 लाख रूपए से अधिक राजस्व शासन को मिल रहा था पर इस बेरियर से हटने से शासन को राजस्व नहीं हो सकेगा। बेरियर के कर्मचारी रोजगार के लिए चिंतित होकर परेशान हैं।*

### दूसरी जमीन पर लगेगा बेरियर व धर्मकांटा

*संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि कोर्ट के आदेश से विवादित जमीन से हटाकर दूसरे जमीन में बेरियर एवं धर्मकांटा लगाया जाएगा। इससे शासन को हर महीने वाहन से राजस्व मिल सके। इसके लिए हाल ही में बेरियर का निरीक्षण किया था।*

# कार व बाइक की भिड़ंत में दो युवकों की मौत एवं एक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे 30 मस्सुकोकोड़ा के पास शनिवार की दोपहर करीब 2 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हैरियर कार और बाइक की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में बाइक में सवार दो युवक की मौत हो गई है वही एक युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार बाइक क्रमांक सीजी 27 आर 9781 में ग्राम हल्दा निवासी हरिचंद मरकाम पिता राम मरकाम , ग्राम हाड़ीगांव निवासी सुग्रीव मरकाम और एक अन्य युवक यह तीनों बाइक में सवार होकर केशकाल की ओर जा रहे थे तभी मस्सुकोकोडा के पास सामने से आ रही हैरियर कार क्रमांक सीजी 04 एनके 8288 की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त और दर्दनाक हुई कि बाइक सवार एक युवक का पैर कटकर अलग हो गया।



तीनों घायल मौके पर ही पड़े थे। घटना के अंधे घंटे बार NHI की एंबुलेश से तीनों घायलों तत्काल उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को फरसगांव के चीरघर में पोस्टमार्टम हेतु रखा गया है। वहीं हरिचंद मरकाम का एक पैर टूट गया और अंदरूनी गंभीर चोट आई है, वहीं सुग्रीव मरकाम का एक पैर कटकर अलग हो गया । दोनों घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल शेष पेज 12 पर

# जलभराव की समस्या पर आयुक्त ने ठेकेदार को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

महापौर संजय पाण्डे ने आज बलिराम कश्यप एवं महारानी वार्ड का दौरा कर वहां चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, पार्षद पितामह नायक, हरीश पारख तथा नगर निगम का तकनीकी अमला उपस्थित रहा। पाया गया कि हाल ही में हुई भारी वर्षा के कारण साकेत कॉलोनी क्षेत्र में कुछ घरों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए महापौर के निर्देश पर जेसीबी मशीन की सहायता से पानी की निकासी की गई। विशेष रूप से जाम हुई पुलिया को मौके पर ही महापौर की उपस्थिति में जेसीबी से खुलवाया गया जिससे जल निकासी की स्थिति सामान्य हुई और नागरिकों ने राहत की सांस ली। इसके साथ ही नगर निगम आयुक्त ने निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार को फटकार लगाई। प्राप्त शिकायत के अनुसार, नाली निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही थी जिसकी पुष्टि निरीक्षण के दौरान हुई। यह नाली निर्माण कार्य 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत किया जा रहा है। महापौर ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा तीन प्रमुख स्थानों पर बड़ी नालियों शेष पेज 12 पर

- वार्ड निरीक्षण के दौरान महापौर ने दिए आवश्यक निर्देश



# एक सप्ताह के भीतर शुरू हों यात्री ट्रेन अन्यथा कांग्रेस रोकेगी मालगाड़ी : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने रेलवे स्टेशन पहुंच कर लंबे समय से बंद यात्री ट्रेनों के सुचारू रूप से संचालन करवाने की मांग को लेकर स्टेशन मास्टर को डीआरएम के नाम ज्ञापन सौंपा ।

मौर्य ने बताया कि कि विगत 20 दिनों से अधिक समय से यात्री गाड़ियां कोरापुट तक आ रही हैं,परंतु जगदलपुर किरंदुल तक उनका संचालन बंद हैं जबकि मालगाड़ियां चल रही हैं। एक दिन में 15 से अधिक गाड़ियों तक का परिवहन निर्बाध रूप से संचालित हैं परंतु यात्री गाड़ियों का परिचालन को लेकर रेल मंडल विशाखापटनम द्वारा भूस्खलन के कारण यात्री रेलगाडी की आवाजाही को बंद कर दिया गया हैं। जिससे बस्तर के प्रति दिन सैकड़ो लोग प्रभावित हो रहे हैं। बेहतर स्वास्थ्य सेवा,व्यापार व पर्यटन के लिऐ आवागमन करते हैं। यह सेवा बंद होने के कारण बेहद परेशानियों का उन्हें सामना करना पड़ रहा है, विशाखापटनम रेल मंडल देश को सबसे ज्यादा लाभांश देने वाला रेल मंडल हैं इसके बावजुद भी बस्तर वासियो को रेल सुविधा 20 दिनों से अधिक दिन के लिए सेवा बंद होना बस्तर के लिऐ दुर्भाग्यपूर्ण व चिंताजनक हैं। इससे विशाखापटनम रेल मंडल की लापरवाही प्रतित होता दिख रहा हैं। विशाखापटनम रेल मंडल बस्तर से सिर्फ लौह अयस्क शेष पेज 12 पर

- शहर जिला कांग्रेस ने डीआरएम के नाम सौंपा ज्ञापन



## विधायक ने प्रशासन और सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

# नाबालिग छात्रा मामले पर दोषियों को बचाने की कोशिश की जा रही : मंडावी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम स्थित कन्या छात्रावास में कक्षा 12वीं की एक नाबालिग आदिवासी छात्रा के 4 माह की गर्भवती होने की घटना की जांच के लिए शनिवार को भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मंडावी के नेतृत्व में 9 सदस्यीय जांच समिति भोपालपटनम पहुंची। समिति ने छात्रावास के कर्मचारियों, छात्राओं, अधीक्षक, शिक्षकों, प्राचार्य और डॉक्टर से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। जांच में पाया गया कि इस मामले में गंभीर लापरवाही बरती गई और दोषियों को बचाने और पूरे मामले में पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है। जिला मुख्यालय बीजापुर में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि भाजपा सरकार के दो साल से भी कम समय में किसान, आदिवासी, व्यापारी, कर्मचारी, युवा वर्ग और महिलाएं सभी परेशान हैं, भाजपा की डबल इंजन की सरकार में कोई भी सुरक्षित नही है। उन्होंने कहा कि भोपालपटनम छात्रावास में रहकर पढ़ने वाली आदिवासी छात्रा की गर्भावस्था को अधीक्षक और अधिकारियों ने शेष पेज 12 पर

- कांग्रेस जांच समिति का भोपालपटनम कन्या छात्रावास दौरा






## खबर संक्षेप

### पंचायत भृत्यों की बैठक 27 को

**सांकरा।** नगरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत भृत्यों की बैठक 27 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे मां शीतला मंदिर प्रांगण सिहावा में बैठक आयोजित की गई है, जिसमें संघ की गतिविधियों पर चर्चा की जायेगी। बैठक में प्रांताध्यक्ष सोमनाथ तारक विशेष रूप से मौजूद रहेंगे। यह जानकारी अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवीचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर ने दी है।

### स्कूल सफाई कर्मचारियों की बैठक 27 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला धमतरी की मासिक बैठक 27 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे खेल मैदान कुरूद में रखी गई है। संघ के जिलाध्यक्ष लोकेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू एवं सोशल मीडिया प्रभारी दयानंद साहू ने बताया है कि बैठक में प्रदेश स्तर पर 16 जून से चल रहे आंदोलन के संबंध में चर्चा की जायेगी। कुरूद ब्लाक अध्यक्ष नुतन कुमार साहू, धमतरी ब्लाक अध्यक्ष डामन सिन्हा, नगरी ब्लॉक अध्यक्ष रविशंकर चेलक एवं मगरलोड ब्लाक अध्यक्ष ओमप्रकाश सेन ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

### मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण 28 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग एवं सर्विसिंग प्रशिक्षण 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसके लिए जिले के ऐसे ग्रामीण युवा, जिनकी आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो और वे स्वरोजगार के इच्छुक हैं, से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी ने बताया कि पूरी तरह निःशुल्क और आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान मोबाइल सॉफ्टवेयर एवं हार्डवेयर की तकनीकी जानकारी दी जाएगी।

### चाकू लहराते आरोपी गिरफ्तार



**धमतरी।** तालाबपार में धारदार चाकू लहराकर लोगों को डरा-धमका रहे युवक को भखारा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। भखारा पुलिस को मुखबिर से ग्राम भेंडसर के शीतला मंदिर तालाबपार में एक युवक द्वारा धारदार चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां टुकेश यादव पिता चंदूलाल उम्र 22 वर्ष ग्राम भेंडसर थाना भखारा निवासी को हाथ में लोहे का धारदार चाकू लेकर लहराते हुए पाया गया। पुलिस को देख युवक बचने के लिए अपने घर में छिप गया। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी टुकेश यादव को उसके घर से ही पकड़ लिया। आरोपी के कब्जे से डेढ़ फीट लंबा धारदार चाकू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भखारा थाना में आर्म्स एक्ट 25, 27 के तहत अपराध दर्ज किया। आरोपी टुकेश यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

## निधन

### हाजी नज़रुद्दीन खान

**कोण्डागांव।** सरगी पलट पारा निवासी, रिटायर्ड सब इंजीनियर मोहतरम हाजी नज़रुद्दीन खान साहब का आज निधन हो गया। यह खबर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।



हाजी नजरुद्दीन खान साहब एक नेकदिल, मिलनसार और समाजसेवी शख्सियत थे। सेवा निवृत्ति के बाद भी वे सामाजिक कार्यों में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेते रहे। वे नमाज के पाबंद, शरीअत के सच्चे पैरोकार और एक अच्छे इंसान थे। उनका व्यवहार हमेशा सरल, सच्चा और इंसानियत से लबरेज़ रहा। उन्होंने अपने पूरे जीवन में सादगी, परहेज़गारी और सेवा को अपना मूल मंत्र बनाए रखा।

# मयूर डोंगर विद्यालय में कारगिल विजय दिवस मनाया, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में कारगिल विजय दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रें को कारगिल युद्ध की ऐतिहासिक विजय के बारे में जानकारी देना और भारतीय सैनिकों के बलिदान और शौर्य से परिचित कराना था।

### कारगिल शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन रखकर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कैप्टन विक्रम बत्र, मेजर मनोज कुमार पांडे, ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव जैसे वीर सैनिकों की वीरता की गाथा सुनाई, जिससे छात्रएं गर्व और प्रेरणा से भर उठीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने छात्रें को राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की शिक्षा दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों, भक्तों एवं प्रतिभागी छात्रओं का आभार व्यक्त किया गया।

### मौजूद रहे यह

कार्यक्रम में प्राचार्य मुकेश सैमसंन,वरिष्ठ व्याख्याता जमील अहमद खान, यशवंत देवांगन,व्याख्याता हेमंत देहरी, श्रीमती रीता प्रधान, कुमारी दुलेश्वरी दर्रो, सुषमा पात्र, श्रीमती कश्यप, प्रमानंद बैद्य, भारत देवांगन सहित समस्त स्टाफ सदस्य एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**देशभक्ति गीतों, प्रेरणादायक वक्तव्यों और छात्राओं की सहभागिता से कार्यक्रम बना अविस्मरणीय**

### भूतपूर्व सैनिकों और अतिथियों ने दिया प्रेरणादायक संबोधन

इस अवसर पर आमंत्रित भूतपूर्व सैनिकों और समाजसेवियों भक्तों ने छात्रओं को कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक प्रसंग, सैनिकों के संघर्ष, शौर्य और समर्पण के किस्सों से अवगत कराया। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार विषम परिस्थितियों में भी भारतीय सैनिकों ने अद्भुत साहस का परिचय देते हुए दुश्मनों को मात दी और भारत का तिरंगा फिर से फहराया।



**देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम**

कार्यक्रम में छात्रओं ने देशभक्ति गीत, कविता पाठ, और भाषण प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी छात्रओं को प्रेरणास्पद बातें बताई और देश सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला।

## बच्चों ने एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता और भाषण प्रस्तुत कर मन को मोहा

# कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिकोंने वीरता व पराक्रम का किया यशोगान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद कोंडागांव के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

### भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी को किया नमन

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके उपरांत कारगिल शहीदों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि के बाद राष्ट्रगान गाया गया। तत्पश्चात, पूर्व सैनिकों ने अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद का संगठन गीत गाकर देशभक्ति की भावना को सजीव किया। बस्तर संभाग प्रभारी सुब्रत साहा ने कारगिल युद्ध में भारतीय सेना की शौर्य गाथा पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने वीर जवानों के अदम्य साहस को नमन किया।



**वरिष्ठ पूर्व सैनिकों का सम्मान**



समारोह में वरिष्ठ पूर्व सैनिकों को शॉल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, ब्लॉकों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले पूर्व सैनिकों, मातृशक्तियों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों और पदाधिकारियों ने दी गरिमामयी उपस्थिति।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों के बच्चों द्वारा एकल नृत्य, समूह नृत्य, गायन, कविता और भाषण प्रस्तुत किए गए, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से भर गया।

### कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

सुब्रत साहा संरक्षक एवं बस्तर संभाग प्रभारी,,सूरज यादव जिलाध्यक्ष, अजनेर लकड़ा उपाध्यक्ष, उमेश साहू सचिव, सोमेश्वर भारती कोषाध्यक्ष, कमलेश्वर धुर्व मीडिया प्रभारी, रवि ठाकुर सह सचिव, आसमन मंडावी केशकाल ब्लॉक अध्यक्ष, रिकेश कुँवर फरसगांव ब्लॉक सचिव, रुपउ राम नेताम बड़ेराजपुर ब्लॉक अध्यक्ष, मातृशक्ति संगठन की सक्रिय सहभागिता मातृशक्ति संगठन कोंडागांव की अध्यक्ष श्रीमती चाँदनी कोर्राम, उपाध्यक्ष श्रीमती सपना नंदी, सह सचिव आकांक्षा तिवारी तथा अन्य मातृशक्तियाँ भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष सूरज यादव ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इसके बाद स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला, गंभीर



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मामूली बात को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। घायल को गंभीर हालत में उपचार के लिए रायपुर भेजा गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्थानीय बांसपारा निवासी यशराज राव गुरूखेल्ले पिता गोलू उम्र 19 वर्ष गुरुवार की रात्रि मोहल्ले के करणराव जाधव पिता मारूतिराव उम्र 22 वर्ष के साथ बाइक से सामान खरीदने सुलभ चौक के पास स्थित दुकान गया था जहां से सामान खरीदकर वापस मोहल्ले के नंदी चौक पहुंचा था। इसी दौरान उनके पीछे अपने दोस्त के साथ बाइक से आ रहा मोहल्ले का मयंक यादव उर्फ बबलू साइड से कट मारकर आगे निकल गया। यह देख यशराज ने ठीक से बाइक चलाने के लिए कहा। जिसे सुन मयंक नंदी चौक के पास रूककर यशराज से गाली-गलौज करने लगा। यशराज द्वारा गाली देने से मना करने पर मयंक यादव ने अपने पास रखे धारदार चाकू से यशराज के सीने पर बायीं तरफ प्राणघातक वार कर दिया। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसके साथियों ने तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे उपचार के लिए रायपुर रिफर कर दिया।

## फर्जी शिक्षाकर्मी भर्ती मामले में एक की अग्रिम जमानत खारिज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाले में एक आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज कर दी गई है। मामला जिला एवं सत्र न्यायाधीश रामकुमार तिवारी की अदालत में चल रहा है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए दलील पेश की थी। शासकीय अधिवक्ता मनोहर लाल क्षत्री ने जमानत पर आपत्ति पेश की थी।

आरटीआई कार्यकर्ता कृष्णकुमार साहू ने बताया कि यह मामला 17 साल पुराना है। वर्ष 2007 में जनपद पंचायत मगरलोड में 172 शिक्षाकर्मियों की भर्ती की गई थी, जिसमें गलत तरीके से और फर्जी, अमान्य दस्तावेजों पर अंक देकर अपात्रों की भर्ती की गई है। जांच में 142 भर्तियां गलत पाई गई हैं। एक मामले में एसटीएससी वर्ग के दो युवकों का अंक कम कर उन्हें शासकीय नौकरी से वंचित किया गया है, जिसके चलते आरोपियों पर एसटीएससी एक्ट के तहत भी धारा लगाई गई है। एक मामले में शिक्षाकर्मी लता साहू पर आरोप है कि उसने फिंगेश्वर के जिस स्कूल से एक साल का अनुभव प्रमाण पत्र पेश किया है, वह फर्जी है। वह जनभागीदारी स्कूल ही नहीं है। इस प्रमाण पत्र के आधार पर उसे 5 अंक दिया गया था। इस मामले में लता साहू के अधिवक्ता ने अग्रिम जमानत के लिए दलील पेश की थी जिसे निरस्त कर दिया गया है।

### सिर्फ एक आरोपी गिरफ्तार

आरटीआई कार्यकर्ता श्री साहू ने बताया कि इस मामले में तत्कालीन जनपद सीईओ, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सभापति, चयन कमेटी के सदस्य, चयनित शिक्षाकर्मी सहित 105 आरोपी हैं। समय पर जांच और कार्रवाई नहीं हुई। इनमें से 16 आरोपियों का निधन हो चुका है।

## सशिमं में हरेली पर्व पर हुई कृषि औजारों की पूजा

**धमतरी।** सरस्वती शिशु मंदिर मड़ाईभाठा में छत्तीसगढ़ का पहला पारंपरिक पर्व हरेली तिहार मनाया गया। इस अवसर पर कृषि औजारों की विशेष पूजा-अर्चना की गई । गेड़ी दौड़ का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम के समापन पर छत्तीसगढ़ी पकवान गुलगुल भजिया, अइरसा, ठेठरी-खुरमी और शक्करपारा का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर जितेन्द्र साहू वरिष्ठ आचार्य ने बताया कि हरेली छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण लोकपर्व है। यह पर्व प्राचीन काल से ही कृषि प्रधान समाज का अभिन्न अंग रहा है। हरेली शब्द हरियाली से बना है, जो प्रकृति की समृद्धि और जीवन के नवसंचार का प्रतीक है। इस दिन किसान अपनी मेहनत के बाद प्रकृति और कृषि उपकरणों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। अपने कृषि औजारों की साफ-सफाई कर उनकी पूजा करते हैं, पशुधन का सम्मान करते हैं और धरती माता से अच्छी फसल व परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।

# मोदी, साय सरकार में छग के मछुआरों को मिल रहा योजनाओं का लाभ : मटियारा

- मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने ली बैठक, समस्याओं का किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुनः भरत मटियारा को मछुआ कल्याण बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। इसके बाद अध्यक्ष भरत मटियारा पूरे प्रदेश के जिलावार मछुआरों की बैठक कर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने का आदेश दे रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में वे धमतरी आए और बैठक ली। इस दौरान नेहरू निषाद अध्यक्ष पिछड़ा आयोग छग शासन, श्रीमती रीता यादव अपर कलेक्टर, रामचरण कोर्राम, अविनाश दुबे जिला महामंत्री भाजपा, पवन गजपाल अध्यक्ष शहर मंडल, कृष्णा हिरवानी पूर्व डायरेक्टर छग मत्स्य महासंघ थे। बैठक को संबोधित करते हुए श्री मटियारा ने कहा कि आज हम सभी को सक्रिय एवं जागरूक होने की जरूरत है। केंद्र शासन व राज्य शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। आगे कहा कि मछुआरों के हित में मोदी व साय सरकार द्वारा महती योजनाएं बनाई जा रही हैं। श्री मटियारा ने बताया कि देश की आजादी के बाद यह पहली सरकार है जिन्होंने मछुआरों के लिए 20 हजार 500 करोड़ की राशि एक ही बार में दी है। नेहरू निषाद ने कहा कि आज मछुआरों को वैज्ञानिक पद्धति से मछली पालन करने की जरूरत है। श्री निषाद ने बताया कि ग्राम देमार में एशिया का सबसे बड़ा फिश हैचरी है जिसमें मछुआरों के लिए अपार संभावनाएं हैं। कृष्णा हिरवानी ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा मछुआरों के हित में नई योजना लागू की जी रही है जिसमें प्रधानमंत्री किसान समृद्धि सहयोजना महत्वपूर्ण है। बैठक में मत्स्य अधिकारी मुकेश राघव, लोकेश लावत्रे, श्रीमती सुमन, श्रीमती प्रियंका सहित अन्य उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### कस्तूरबा विद्यालय ....

वहीं दंतेवाड़ा जिला हैं, जहां बच्चे अपनी काबिलियत से अपना लोहा मनवाते है और देश-प्रदेश सभी जगह जिले का नाम रौशन करते हैं। शासन-प्रशासन दोनों का जिले में चलने वाली संस्थाओं पर कोई लगाम नहीं है। दो दिन पहले छू लो आसमान के बच्चों ने भीगते चक्काजाम किया था, उन्हें भी डरा धमका कर चुप करा दिया गया।

### कोर्ट के आदेश पर ....

बनाया पर विवादित जमीन के चलते यह धर्मकांटा का उपयोग नहीं हो सका। इससे वर्षों पूर्व परिवहन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से शासन के लाखों रूपए का नुकसान हुआ।

### विशालकाय इमली पेड़ ...

मकान को भारी नुकसान पहुँचा है। मकान निवास उपयोग के लिए बनाया गया था,और मकान पेड़ झुकता देख आनन फानन में खाली कराया गया। जिससे कोई जनहानि नही हुई।

### कार व बाइक ...

रिफर किया गया। जहां जिला अस्पताल में घायल युवक हरिचंद की भी मौत हो गई है,जिसके शव को कोंडागांव के चिरघर में रखा गया है। वही घायल सुग्रीव मरकाम का उपचार जारी है। फिलहाल फरसगांव थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### जलभराव की समस्या....

का निर्माण कार्य जारी है। एफसीआई गोदाम के पास, सनसिटी क्षेत्र में और कमिश्नर ऑफिस के पीछे। इन नालियों के निर्माण से जलभराव की पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान सड़कों पर पड़े मलबे को जेसीबी की मदद से तत्काल हटाया गया। नागरिकों को समझाइश दी गई कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा सड़क पर मलबा डाला गया है तो उसे तत्काल हटा लें अन्यथा नगर निगम द्वारा संबंधित पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम शहरवासियों की सुविधा और स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए कार्य कर रहा है।

समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा हो काम : महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य समयसीमा और गुणवत्ता के अनुरूप पूर्ण हो तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने वार्डवासियों से निवेदन किया कि गिला व सुखा कचरा अलग-अलग रखें और कचरा गाड़ी आने पर स्वच्छता दीदियों को ही कचरा दें।

### एक सप्ताह के भीतर ....

परिवहन ही करना चाहता हैं जिससे यहां के प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एक मात्र लक्ष्य नजर आ रहा हैं जिसे बस्तर के लोग बर्दाश्त नही करेगें। कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। सुशील मौर्य ने कहा कि रेलवे प्रशासन को एक हफ्ते का समय दिया गया हैं, यात्री ट्रेन बहाल नहीं किया गया तो मालगाड़ियों का परिवहन रोकने पर मजबुर होना पड़ेगा। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन, सुषमा सुता,ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव,रविशंकर तिवारी, हनुमान द्विवेदी, अनुराग महतो,पार्षद अफरोज बेगम, जस्टिन भवानी, ललिता राव, आभास महंती,नीतीश शर्मा, सलीम जाफर अली,रजत जोशी, खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

### नाबालिग छात्रा मामले ....

छुपाया, परिजनों को डराया-धमकाया और छात्रा को जबरन घर भेजने का दबाव बनाया। मामले को दबाने की कोशिशें अब भी जारी हैं और किसी भी अधिकारी पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के जांच समिति से जानबूझकर पीड़ित परिवार से मिलने नहीं दिया गया है। विधायक ने सरकार से नाबालिग छात्रा के साथ घटित घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि बीजापुर जैसे आदिवासी बहुल जिले में माता-पिता अपने बच्चों को स्कूलों और छात्रावासों में प्रशासन के भरोसे भेजते हैं, लेकिन ऐसी शर्मनाक घटनाएं अस्वीकार्य हैं। बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि इस पूरे मामले में अब तक प्रशासन ने क्या कार्रवाई किया है इसे बताये, यदि सरकार ने ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक नहीं लगाई, तो आने वाले दिनों में ग्रामीणों के साथ मिलकर कांग्रेस पार्टी उग्र प्रदर्शन और आंदोलन करेगी। इस दौरान बीजापुर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, जिला पंचायत सदस्य जिला दंतेवाड़ा की सुलोचना कर्मा और नौ सदस्यीय जांच दल के सदस्य मौजूद रहे।

## महापौर से मरम्मत संधारण मद के कार्यादेश को निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी




नगरपालिक निगम के चार स्वतंत्र पार्षद प्रकाश सिन्हा, मदन नेवारे, कुशल लोढ़ा, रामेश्वर वर्मा ने महापौर से मिलकर मरम्मत संधारण मद के कार्यादेश को निरस्त कर सभी वार्डों में बराबर राशि बांटने का आग्रह किया है।

पार्षदों ने महापौर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि निगम द्वारा 2025-26 में मरम्मत संधारण मद अंतर्गत जोन क्र. 2 वार्ड क्र. 11 से 20 तक सड़क, पुल पुलिया, नाली, उद्यान भवन निर्माण, पाइप लाइन मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था कार्य के लिए 21 जुलाई को कार्यादेश जारी किया गया है। इस कार्यादेश में स्वतंत्र पार्षदों के वार्ड पं.श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड, टिकरापारा, रामपुर, औद्योगिक वार्ड के लिए स्वीकृति नहीं दी गई है। इसके अलावा अन्य आठ वार्डों को भी शामिल नहीं किया गया है। मद के अभाव में आवश्यक कार्य रूका हुआ है। मद वितरण में असमानता प्रदर्शित हो रहा है। स्वतंत्र पार्षदों ने महापौर से मांग की है कि कार्यादेश को निरस्त कर सभी वार्डों में विभाजन किया जाए। इसके लिए नई निविदा जारी की जाए। पार्षदों ने कहा कि चुनाव के बाद पहली बार यह कार्यादेश जारी हुआ है। आयुक्त ने पार्षदों से कार्य मंगाया था। महापौर ने आश्वस्त किया कि किसी अन्य फंड से उनके वार्डों में विकास कार्य कराया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज की बैठक आज

**जगदलपुर।** बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के संभागीय कार्यकारिणी की बैठक 27 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से सिंचाई कॉलोनी जगदलपुर स्थित सामाजिक भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें संगठन की गतिविधियों पर एवं संगठन को मजबूत बनाने और अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। समाज के सम्भाग अध्यक्ष योगेश ठाकुर के अनुसार संभागीय कार्यकारिणी एवं जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों से आग्रह कि बैठक को सफल बनाने के लिए उपस्थित होकर अमूल्य सहयोग दें।

## प्रसव पूर्व निदान तकनीकी पर हुई बैठक



दंतेवाड़ा। जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर आज पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जिला सलाहकार समिति की बैठक जिला चिकित्सालय में आयोजित की गई थी। बैठक में समिति के द्वारा जिले में पीसीपीएनडीटी के तहत विभिन्न बिंदुओं के अन्तर्गत सेन्टर द्वारा ऑनलाईन रिपोर्टिंग, प्रत्येक तीन माह में एक बार निरीक्षण, संजीवनी सोनोग्राफी सेंटर का नवीनीकरण, ठाकुर पैथोलॉजी लैब से प्राप्त आवेदन, प्रत्येक दो माह में एक बार जिला सलाहकार बैठक आयोजित करने, जिले में लिंगानुपात के संबंध में आवश्यक चर्चा की गई। इसके अलावा जिले में संचालित सोनोग्राफी सेंटर का नियमित रूप से निरीक्षण करने के साथ-साथ सभी केंद्र से नियमित रूप से रिपोर्ट की समीक्षा की गई। और जिले में नवीन आवेदन पर चर्चा कर उक्त केंद्र का निरीक्षण हेतु दल गठन करने का सुझाव सहित जिले में लिंग भेद पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर सहमति हुई। बैठक में जिला नोडल अधिकारी पीएनडीटी डॉ. एस. मण्डल, डॉ. देश दीपक, शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. नमन साखंला, स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. श्रावली, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. संजय कुमार बघेल, जन संपर्क अधिकारी रंजीत पुजारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शप्रतीक सोनी, जिला सलाहकार पीएनडीटी अंकित सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता बविता पाण्डे, उपस्थित थे।

## पॉलीटेक्निक में हुआ भूतपूर्व छात्र सम्मेलन

**बीजापुर।** जिले के एक मात्र इंजिनीयरिंग संस्थान शासकीय पॉलीटेक्निक बीजापुर में संस्था के विकास तथा अध्ययनरत विद्यार्थियों के कैरियर संवर्धन हेतु भूतपूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का थीम था अपनी यादों को फिर से याद करें, पुनः जियें और उनका आनंद लेंग यह सम्मेलन हाइब्रिड पद्धति पर आधारित था जिसमे छात्र प्रत्यक्ष संस्था में उपस्थित होकर तथा गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन जुड़े रहे। कार्यक्रम में भूतपूर्व छात्रों का सम्मान, परिचय तथा अनुभव साझा किया गया। साथ ही वर्तमान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी गई। भूतपूर्व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया तथा अध्ययन विद्यार्थियों का मार्गदर्शन भी किया।

# किसानों को मिली मिलेट मिक्सी, पोषण सुरक्षा की ओर एक मजबूत कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा



जिला प्रशासन ने पोषण सुरक्षा और किसानों की आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में मिलेट्स जैसे पारंपरिक और पोषणयुक्त अनाज जैसे कोदो, कोसरा और रागी के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए प्रशासन द्वारा गीदम विकासखंड के 20 किसानों को मिलेट मिक्सी वितरित की गई है। इस पहल का उद्देश्य न केवल मिलेट्स के घरेलू उपयोग को बढ़ावा देना है, बल्कि इन फसलों के उत्पादन का अधिकतम लाभ किसानों को दिलाना भी है। वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि विभाग की सभापति श्रीमती ममता मंडावी के करकमलों से किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में कृषकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में मिलेट आधारित जीवनशैली को अपनाने और इसे ग्रामीण अंचल में प्रोत्साहित करने की दिशा में सार्थक संवाद भी हुआ। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में दंतेवाड़ा जिले में लगभग 16 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में कोदो, कोसरा और रागी जैसी फसलें उगाई जाती हैं। हालांकि इन फसलों की स्थानीय प्रोसेसिंग सुविधाओं की कमी के चलते अधिकांश किसान इन्हें खुले बाजार में बेचने को विवश हैं, जिससे उन्हें इनका पूरा मूल्य नहीं मिल पाता। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए किसानों को प्रोसेसिंग उपकरण प्रदान कर उन्हें स्वयं के उपभोग तथा मूल्यवर्धन की दिशा में सक्षम बनाने का प्रयास किया गया है।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों को घर पर ही अनाजों की प्रोसेसिंग की सुविधा देना है, जिससे वे मिलेट्स को अपने दैनिक आहार में शामिल कर सकें। इससे न केवल ग्रामीण परिवारों में पोषण स्तर में सुधार होगा, बल्कि इन अनाजों की बाजार में मांग और मूल्य में भी वृद्धि होगी। साथ ही, यह खाद्य विविधता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में सहायक सिद्ध होगा।

इसके अलावा कोदो, कोसरा और रागी जैसे अनाज पोषण का भंडार हैं, जिनमें फाइबर, आयरन, कैल्शियम, जिंक और बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं। इनका सेवन मधुमेह और मोटापे जैसी बीमारियों के नियंत्रण में सहायक होता है। साथ ही, इनमें फाइबर की अधिकता इन्हें पाचन के लिए लाभकारी बनाती है और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाती है। विशेष रूप से रागी में उच्च मात्रा में कैल्शियम होता है, जो बच्चों और महिलाओं के लिए अत्यंत उपयोगी है।

# शिक्षा को नई दिशा देने हुआ मंथन

हरिभूम न्यूज ▸▸| भोपालपटनम



विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. नागेंद्र कुमार की अध्यक्षता में शिक्षा की गुणवत्ता, शाला संचालन एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन विकासखंड स्तरीय कार्यालय में किया गया। इस बैठक में विकासखंड स्तर के समस्त प्राचार्य, प्रधानपाठक, शिक्षकों और शिक्षा से जुड़े अधिकारियों ने भाग लिया।

■ समीक्षा बैठक में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा व मागदर्शन दिया गया

बैठक की शुरुआत शिक्षा को नई दिशा उज्वल भविष्य की आशाओं के साथ विषय के साथ की गई। इस समीक्षा बैठक में अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन चर्चा एवं मार्गदर्शन दिया गया, जिसमें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराने, शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने, शिक्षकों के व्यावसायिक विकास को सुनिश्चित करने एवं शैक्षिक नवाचारों को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे सम्मिलित रहे। बैठक के प्रमुख बिंदुओं जाति एवं जन्म प्रमाण पत्र की उपलब्धता, नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन व पंजीयन की स्थिति, इंस्पायर अवॉर्ड योजना में भागीदारी, छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति, पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण की समीक्षा, शाला त्यागी एवं अप्रवेशी बच्चों का पुनः नामांकन, निपुण बीजापुर एवं दक्ष बीजापुर कार्यक्रमों की प्रगति, अध्यापन कार्यों की गुणवत्ता, सरस्वती सायकल योजना का क्रियान्वयन, शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार शिक्षण योजनाएँ पर विस्तृत समीक्षा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी पी. नागेंद्र कुमार ने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यदि कोई भी शिक्षक शाला समय में नशा करके उपस्थित होता है या गैरजिम्मेदार व्यवहार करते हुए शाला समय में सार्वजनिक स्थानों पर घूमते पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिक्षक अपने कर्तव्यों का ईमानदारी व पूर्ण जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

### 21वीं सदी के कौशलों पर विशेष चर्चा

इस अवसर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीनिवास एटला ने सभी एजेंडों पर बिंदुवार विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षण कार्यों को किस प्रकार क्रियान्वित करना है, और 21वीं सदी के कौशलों जैसे कि संचार, सहयोग, समालोचनात्मक सोच और सृजनात्मकता को शाला में किस तरह से अपनाया जाए, इस पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधान पाठकों को शाला प्रबंधन में नेतृत्वकारी भूमिका निभाते हुए सभी शिक्षकों के साथ मिलकर स्मार्ट शिक्षण रणनीतियाँ अपनानी चाहिए। इस अवसर पर बीआरसी यालम शंकर, समस्त प्राचार्यगण, प्रधान पाठक, सहायक शिक्षक एवं शिक्षा विभाग से जुड़े अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर शिक्षा के स्तर को और ऊँचाई तक ले जाने का संकल्प लिया।

# स्कूलों का एबीईओ ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बस्तर

ब्लॉक बस्तर अंतर्गत संचालित सभी प्राथमिक, माध्यमिक व हाइस्कूल व हायरसेकंडरी में 25 जुलाई से मासिक परीक्षा संचालित की जा रही है। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी बस्तर सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि बच्चों की गुणवत्ता की परख हेतु मासिक मूल्यांकन बहुत जरूरी प्रक्रिया है। बस्तर अंचल में गत दिनों हरियाली पर्व होने के वावजूद ब्लॉक की सभी शालाओ में मासिक टेस्ट हेतु बच्चों की उपस्थिति सन्तोषजनक देखी जा रही है। अब बच्चे पढ़ाई को प्राथमिकता देने में लगे हुए है । आज मेरे द्वारा बस्तर में संचालित प्राथमिक ,माध्यमिक छोटे अमाबाल व हाइस्कूल देवड़ा का अवलोकन किया गया। परीक्षा निर्धारित समय पर संचालित हो रही है। सभी शिक्षक अपना कर्तव्य निभाते दिखाई दिए।

# बाल संसद में बच्चों ने सीखा लोकतंत्र का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोण्ड



उच्च प्राथमिक शाला भुरसुंडी में बच्चों की लोकतांत्रिक समझ और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के लिए बाल संसद का गठन वास्तविक चुनाव प्रक्रिया के अनुरूप किया गया। यह आयोजन बच्चों के लिए एक शिक्षाप्रद और प्रेरणादायक अनुभव बना।

प्रधानमंत्री पद के लिए कुल तीन उम्मीदवार मैदान में उतरे जिनमें कु. तुलसी कश्यप, अजय और सुरेश। कुल मतदान में तुलसी कश्यप को 38 वोट, अजय को 20 वोट व सुरेश को 10 वोट मिले।

इस प्रकार कु. तुलसी कश्यप ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अजय को 18 मतों के अंतर से हराकर प्रधानमंत्री पद प्राप्त किया।

चुनाव पूरी तरह लोकतांत्रिक एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुआ।

पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी 1, 2, 3 और एजेंट्स सहित संपूर्ण प्रक्रिया बच्चों द्वारा निभाई गई। अधिकारी 1 नाम पुकारते थे, अधिकारी 2 हस्ताक्षर लेते थे व अधिकारी 3 मतपत्र देते और उंगली में स्याही लगाते थे। बच्चों ने गोपनीय मतदान कर मतपेटी में मत डाले। गणना अधिकारियों द्वारा मतों की गिनती की गई और तुरंत परिणाम की घोषणा की गई।

अन्य निर्वाचित मंत्रीगण में उपप्रधानमंत्री अ ज य , शिक्षा मंत्री सुरेश बघेल, खेल मंत्री सुकमनी कश्यप, स्वच्छता मंत्री सावित्री बघेल, स्वास्थ्य मंत्री पार्वती बजरंग, सांस्कृतिक मंत्री भुवनेश्वरी मौर्य, नव स्वच्छता मंत्री कीर्ति बघेल हैं। इस प्रेरणादायक आयोजन को सफल बनाने में शैलेन्द्र तिवारी संस्था प्रभारी, रश्मि नेताम, सुश्री हेमलता कश्यप, भूतश्वर पांडे एवं लोकेश रावटे का विशेष योगदान रहा। लोकतंत्र केवल एक प्रणाली नहीं, एक संस्कार है।

इस बाल संसद चुनाव ने बच्चों को सिखाया कि नेतृत्व का मतलब सेवा और जिम्मेदारी है। आज इन नन्हें प्रतिनिधियों ने निष्पक्ष चुनाव, नियम पालन और नेतृत्व के मूलभूत सिद्धांतों को व्यवहार में लाया, जो उन्हें एक सजग नागरिक बनने की ओर अग्रसर करेगा।

# जिला पंचायत संसाधन केंद्र में नवनिर्वाचित जनपद प्रतिनिधियों का अभिमुखीकरण प्रशिक्षण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा

जिला पंचायत संसाधन केंद्र में विगत दिवस जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के नवनिर्वाचित जनपद सदस्यों के लिए तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों तथा विकास योजनाओं की जानकारी देना था, ताकि वे अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्य कर सकें। प्रशिक्षण के दौरान पंचायत संचालन, शासन की प्रमुख योजनाएं, ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और जल-संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और विभिन्न विषयों पर जिज्ञासाएँ भी प्रस्तुत कीं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतिम दिन एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुडामी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने एक पेड मां के नाम पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अपनी माँ या माता-पिता के नाम से अवश्य लगाना चाहिए।

# पालिका अध्यक्ष ने टीम गठित कर मुक्तिधाम की साफ-सफाई करवाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| किरंदुल



शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत किरंदुल नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने पालिका सीएमओ शशि भूषण महापात्र के साथ मिलकर किरंदुल, बचेली नगर पालिका एवं एनएमडीसी परियोजना से टीम गठित कर बचेली एवं किरंदुल के मुख्य मार्ग में स्थित मुक्तिधाम की साफ सफाई की।

सभी जनप्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़कर इस स्वच्छता अभियान में भाग लिए साथ ही रूबी शैलेन्द्र सिंह जी ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाने में सभी लग जाए। उन्होंने आह्वान किया कि त्योहारों के समय को देखते हुए सभी आम जनता कचरा इकट्ठा कर नगर पालिका के कचड़ा एकत्रित करने वाली गाड़ियों में ही डालें और उन्होंने कहा कि सफाई अभियान में कोई कमी नहीं होना चाहिए और यह निरंतर होना चाहिए। किरंदुल नगर को स्वच्छ भारत के तहत आगे बढ़ाना है। कई जगह जेसीबी बुलाकर मुरूम डलवा कर और कचरा उठाकर किरंदुल नगर के श्मशान घाट की साफ-सफाई की गई एवं सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीएमओ शशि भूषण महापात्र, पार्षद यशोदा चुन्नम, थॉमस बाबू दुर्गम, अनिल मरकाम पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह बचेली से हरीश शर्मा, विधायक प्रतिनिधि संदीप्ता मंडल एवं नगर पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# माध्यमिक विद्यालय करीतगांव में बाल संसद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भोण्ड



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करीतगांव ब्लॉक बकावंड में बाल कैबिनेट का गठन किया गया। प्राचार्य के निर्देश पर विधिवत मतदान कराया गया। जिसमें प्रधानमंत्री ,कानून मंत्री, वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और पर्यावरण मंत्री जैसे पदों पर चुनाव कराया गया। जीत हासिल करने वाले भरत, बबली, निहाल, हीरामणि, मनोज, निर्मला, मोनिका को जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल बघेल के द्वारा स्वयं उपस्थित होकर जीते गए बच्चों को शपथ दिलाई गई और सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित किया। इस अवसर वरिष्ठ नागरिक हेमंत पांडे,पुरुषोत्तम जोशी जस केतन जोशी, कार्तिक बघेल, बीआरसी बकावंड सोनसिंग बीआरसी बस्तर जोशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाल कैबिनेट के प्रभारी शिक्षक रियाज अली ने बाल संसद की गतिविधियों की जानकारी बच्चों और अतिथियों को दी। कार्यक्रम के अन्त में संस्था के प्राचार्य लुप्तेश्वर आचार्य ने उपस्थिति अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक, शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में वृक्षारोपण के संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दंतेवाड़ा




भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के निर्देशानुसार पूरे देश मेंएक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देना है। इसी कड़ी में दंतेवाड़ा जिले में भी इस अभियान को वृहद स्तर पर सफल बनाने हेतु आज संयुक्त जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में खनि पटटेदारों की भूमि सहित संपूर्ण जिले में वृहद वृक्षारोपण के संबंध में हुई महत्वपूर्ण बैठक जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक के दौरान कलेक्टर दुदावत ने कहा कि प्रकृति हमारी माँ के समान है। जिस प्रकार माँ हमें जीवन देती है, उसी प्रकार वृक्ष हमें सांसें देते हैं। एक पेड़ माँ के नाम 2.0 केवल एक वृक्षारोपण अभियान नहीं, बल्कि यह माँ के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भावनात्मक प्रयास है।

इस अभियान को हम सबको मिलकर जन आंदोलन बनाना है। चूंकि दन्तेवाड़ा जिला एक महत्वपूर्ण खनन भू-भाग से संबंधित है। अतः इस क्षेत्र में वृहद वृक्षारोपण किया जाना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विशेष तौर पर खनन प्रभावित क्षेत्रों में पर्यावरण को संतुलित करने और खनन से हुई पर्यावरण क्षति की भरपाई करने के लिए वृक्षारोपण ही एक मात्र उपाय है। इस अवसर पर बैठक में सार्वजनिक एवं निजी खनन उपक्रमों जैसे एनएमडीसी को 30 हजार पौधों का, आर्सेलर मित्तल 5 हजार और आरती आयरन ओर स्पंज को 5 हजार पौधों का, तथा सीएमडीसी को 15 हजार पौधों का वृक्षारोपण लक्ष्य दिया गया है। इसके अतिरिक्त, अन्य खनिज पट्टाधारियों को भी एक-एक हजार पौधे लगाने का निर्देश दिया गया है।

कलेक्टर दुदावत ने आगे कहा कि एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत कुपोषित बच्चों के परिवारों को मुनगा, पपीता और कटहल जैसे पोषण वर्धक पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उनके आहार में पौष्टिकता का समावेश हो सके। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभान्वित परिवारों को भी पांच प्रकार के फलदार और औषधीय पौधे प्रदान किए जाएंगे। जिससे उनके घरों के आसपास हरियाली के साथ-साथ उपयोगिता भी सुनिश्चित हो।

उन्होंने यह भी कहा कि वृक्षारोपण केवल सरकारी परिसरों तक सीमित न रहे, बल्कि यह प्रयास गाँव-गाँव के खेत खलिहानों तक पहुंचे। इसके तहत शासकीय स्कूलों, छात्रावासों, देवगुड़ियों, मातागुड़ियों, युवा केन्द्रों, स्वास्थ्य उपकेन्द्रों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में भी पौधरोपण कराया जाएगा। इस संबंध में सभी संस्थानों से सोमवार तक लिखित सहमति पत्र देने के निर्देश दिए गए हैं। सभी विभागों से अनुरोध किया गया कि 15 अगस्त के पूर्व यह अभियान पूर्ण किया जाए, ताकि स्वतंत्रता दिवस पर हर ग्राम और मोहल्ला हरियाली से आच्छादित हो।

आवश्यकता है
धमतरी, बालोद, कांकेर, कोन्डागाँव
में ACE Harvester/ट्रेक्टर विक्रय हेतु अनुभवी एवं ITI प्रशिक्षित नवयुवकों की आवश्यकता है - पद - 05
ट्रेक्टर हार्वेस्टर हेतु अनुभवी/आई.टी.आई. प्रशिक्षित मैकेनिकों की आवश्यकता है - पद - 2
संपर्क करें :- धमतरी में साईं ट्रेक्टर्स सिहावा रोड, धमतरी
मोबाईल नं. : 7000292192, 94252-09243
कोन्डागाँव में : जामकोट पारा मेन रोड, कोन्डागाँव
स्वयं की मोटर सायकल अनिवार्य

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)



प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200
TEAM CREATIVE

## खबर संक्षेप

### आंदोलन और चक्का जाम में कांग्रेस कर रही भेदभाव : पाल



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ बंगाली समाज के प्रदेशअध्यक्ष श्रीनिवास पाल ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री का बेटा जेल गया तो पूरे छत्तीसगढ़ में चक्का जाम आंदोलन हुआ वहीं बस्तर के माटी पुत्र लखमा कवासी कोंटा विधायक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रायपुर जेल में बंद है। उनके लिए कांग्रेस पार्टी ने आंदोलन चक्का जाम नहीं किया है। इस तरह के प्रयास को उन्होंने बस्तर के माटी पुत्र के साथ भेदभाव करना बताया है।

### रोहन घोष को मिला मीडिया प्रभारी का दायित्व



**जगदलपुर।** बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप ने रोहन घोष को अपना मीडिया प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रोहन घोष लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी एवं उसके विभिन्न अनुसांगिक संगठनों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा,जगदलपुर नगर मंडल में महत्वपूर्ण दायित्व निभा चुके हैं। इसके अतिरिक्त वे आनुसांगिक संगठन में नगर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए,पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में निरंतर सक्रिय रहे हैं।

### रसोइया संघ का तीन दिनी धरना कल से

**कांकेर।** छग स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संघ जिला इकाई द्वारा प्रांतीय आव्हान पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में कार्यरत रसोईया 28 से 30 जुलाई तक तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन के लिए जिला मुख्यालय के मेलाभाटा मैदान में धरना प्रदर्शन करेंगे। रसोईया प्रर्दशन की तैयारी में जुट गए है व टेंट लगवा रहें हैं। अंतिम दिवस रैली निकालकर तीन सूत्रीय मांगों के संदर्भ में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेगे। मांगों में प्रमुख रूप से रसोईया को कलेक्टर दर पर पारिश्रमिक दिया जाए, 50 प्रतिशत घोषणा लागू किया जाए व रसोईयों को काम से निकालना बंद किया जाए।

# पीएम सूर्यघर योजना से शहर के 19 उपभोक्ताओं ने लिया सौर ऊर्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सौर ऊर्जा से किफायती बिजली पैदा कर घरों को रोशन करने और बिजली बिल में बड़ी राहत के उद्देश्य से पीएम सूर्यघर बिजली योजना में मिल रहे अनुदान से अब सोलर सिस्टम की लागत काफी कम हो गई है। संभागीय मुख्यालय शहर में अब तक 19 उपभोक्ताओं को दोहरा लाभ हो रहा है। एक ओर जहां बिजली बिल में राहत मिल रही है वहीं सब्सिडी से सोलर सिस्टम लगाने की लागत भी काफी कम आ रही है। ऐसे उपभोक्ताओं ने बताया कि अपने घर की छत पर पीएम सूर्यघर योजना से चार किलोवाट क्षमता का सोलर सयंत्र लगवाया है। पहले उनका औसतन हर माह 1200 से 1500 रुपए तक बिजली बिल आता था। हर महीने इतना बिल परेशानी का कारण था, लेकिन जब से सोलर सिस्टम लगवाया है बिल काफी घट गया है। सोलर प्लेट से पैदा की बिजली से घर का काम भी चल गया और बची बिजली विद्युत विभाग के ग्रिड में ट्रांसफर करने से बिल में भी छूट मिली। विद्युत कंपनी जगदलपुर (शहरीय) संभाग के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में 100 उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्यघर योजना पर आवेदन दिया है, इसमें से 19 उपभोक्ताओं ने सौर ऊर्जा लगाया है।

**सौर ऊर्जा से बिजली बिल पर मिली बड़ी राहत**



**ईडी ने किया निरीक्षण**
विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक (ईडी) टीके मेश्राम ने अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम एवं एके गुप्ता के साथ उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर पीएम सूर्यघर योजना पर लगे सौर ऊर्जा का हाल ही में निरीक्षण किया।

## सेना के शौर्य व पराक्रम को सदैव नमन करती है भाजपा : देव

# बस्तर की बहनों की स्वनिर्मित साढ़े 22 हजार राखियां सेना मुख्यालय भेजी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रक्षा बंधन के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा एक राखी सैनिकों के नाम अभियान के तहत बस्तर की बहनों के हाथों से बनायी गयी साढ़े 22 हजार राखियां आज जिला कार्यालय से सेना मुख्यालय के लिये भेजी गयी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव शामिल हुये।

- स्कूली छात्राएं महतारी बहनों ने भी राखी को बनाने में भाजपा महिला मोर्चा को सहयोग दिया

महिला मोर्चा की कार्यकर्ता बहनों के हाथों से निर्मित सभी राखियां कल रविवार को राजधानी रायपुर में सौपेंगी। जहां से राखियां आगे भेजी जायेंगी। देव ने कहा कि देश की सुरक्षा के लिये सीमा में तैनात भारतीय सेना के वीर सैनिकों की कलाईयों में इस रक्षा बंधन पर्व में हमारे बस्तर की छात्राओं, बहनों द्वारा बनायी गयी हजारों राखियां सजेंगी। यह हम सभी के लिये अत्यंत गर्व का विषय है। भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को भारतीय जनता पार्टी सदैव नमन करती है। देव ने भाजपा महिला मोर्चा की प्रशंसा करते हुये अच्छे अभियान को साकार रूप देने बधाई दी।



जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि स्कूली छात्राओं के अतिरिक्त महतारी वंदन की लाभार्थी बहनों ने भी इस अभियान में पुनीत भाव से अपनी सहभागिता निभायी है। उनके हाथों निर्मित राखियां भी संकलित की गयी है। महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुधा मिश्रा ने कहा कि बस्तर जिले से 22 हजार स्वनिर्मित राखियां भेजने का लक्ष्य था। जो जिले की स्कूली छात्राओं, महतारी वंदन की लाभार्थी बहनों व भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकतार्ओं के सहयोग से पूर्ण हुआ है। बस्तर की बहनों द्वारा निर्मित संकलित की गयी साढ़े 22 हजार राखियां आज महिला मोर्चा द्वारा रायपुर ले जायी जायेंगी।

इस दौरान पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, सुरेश गुप्ता, राजेन्द्र बाजपेयी, आलोक अवस्थी, प्रकाश झा, संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मी कश्यप,ममता राणा, महेश्वरी ठाकुर, गीता नाग, मीना विश्वकर्मा, आशा साहू, अलका सेंगर, राधा बघेल, गायत्री कश्यप, विभा सिंह, शशि नाथ पाठक, दशरथ गुप्ता, संजय चंद्राकर, ब्रिजेश शर्मा, रोहित त्रिवेदी, दिलीप झा, योगेश पाणिग्रही, मनी विक्रम नायडू, आशु आचार्य, त्रिलोचन साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## इनरव्हील क्लब ने सामाजिक कार्यकर्ता ट्री मेन को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण में उल्लेखनीय पहल करते हुए वृक्षमित्र बनाकर उनके माध्यम से वृक्षारोपण में सामाजिक कार्यकर्ता सम्पत झा विशेष योगदान दे रहे हैं। निरंतर वृक्षारोपण के समर्थन और सफलता से पौधे अब पेड़ बन गए हैं। पर्यावरण संरक्षण मे उल्लेखनीय कार्य करने के कारण पर्यावरण और सामाजिक कार्यकर्ता संपत झा को बस्तर का ट्री मेन कहा जाता है। सम्पत झा ने इनरव्हील क्लब को 40 से ज्यादा प्रजातियों के आयुर्वेदिक पौधे प्रदान किये और स्कूलों में लगाने क्लब के सदस्यों को मार्गदर्शन दिया।

सम्मान समारोह में इनरव्हील क्लब ने उनके प्रेरक योगदान के लिए संपत झा को सम्मानित किया। इस मौके पर इनरव्हील अध्यक्षा लाइबा चामड़िया, सचिव प्रीती आजाद, वाईस प्रेजिडेंट अरुणा जोबनपुत्रा, डॉ. सरिता थॉमस, मणि पिल्लै सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## राजनीति से दूर धर्म की शरण में ...

**जगदलपुर।** जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष जबीता मंडावी इन दिनों राजनीति से दूर रहकर धार्मिक कार्यक्रमों में काफी सक्रिय है। सावन के महिने में निकलने वाले कांवड़ यात्रा में नदी से जल लेकर शिव मंदिर में जलाभिषेक के लिए जाते हुए उन्हें देखा गया। उनकी सक्रियता बरकरार है लेकिन क्षेत्र बदल गया है। इसपर उनकी पार्टी के लोग अलग अलग प्रतिक्रिया दे रहे है। बहरहाल अभी विधानसभा और पंचायत चुनाव में काफी देर है। तब तक मन की शांति और खुद को मजबूत करने के लिए देवी देवताओं के शरण में जाना जरूरी भी है।



## संसद में हंगामा से संसाधनों, समय और जनहित की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा के मानसून सत्र के दौरान बस्तर लोकसभा क्षेत्र के सांसद महेश कश्यप द्वारा जनजातीय समुदाय के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सुविधाओं,छात्रावासों और पोटाकेबिन योजना से जुड़ा अतारांकित प्रश्न पूछा गया। इस प्रश्न के माध्यम से उन्होंने केंद्र सरकार से तीन मुख्य बिंदुओं पर जानकारी मांगी जिसमें बस्तर संभाग में अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए स्वीकृत छात्रावासों और सीटों का विवरण,लिंग-आधारित छात्रावास सीटों की संख्या और संतुलन के प्रयास,नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पोटाकेबिन विद्यालयों और शिक्षकों से जुड़ी योजनाएं से संबंधित सवाल पूछा गया। जिस पर केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री ने तथ्यों और प्रतिबद्धता से उत्तर दिया। जिसमें जानकारी दी कि बस्तर संभाग के सात जिलों में कुल 482 छात्रावासों में 32,146 सीटें स्वीकृत की गई हैं। बालक-बालिका छात्रावासों में संतुलन सुनिश्चित करते हुए कुल 309 बालक छात्रावासों में 19,992 सीटें तथा 173 बालिका छात्रावासों में 12,306 सीटें आरक्षित हैं। पोटाकेबिन योजना के तहत छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों को आवासीय व शैक्षणिक सुविधा दी जा रही है। वर्ष 2025-26 में इन स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के मानदेय को 10,000 से बढ़ाकर 16,000 कर दिया गया है। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 60 पोटाकेबिनो में 900 शिक्षकों की पदों का भी प्रावधान है। केंद्र सरकार द्वारा शुरू किए गए धरती आबा जनजातीय ग्राम उन्नयन अभियान के तहत बस्तर संभाग में 73 नए छात्रावास स्वीकृत किए गए हैं, जिससे शिक्षा,स्वास्थ्य और पोषण जैसी सुविधाएं और भी सुदृढ़ होंगी।



### सरकार जनजातीय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध

सांसद महेश कश्यप ने इस उत्तर के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जानकारी यह दर्शाती है कि सरकार जनजातीय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बस्तर के भविष्य का आधार है और सरकार इस दिशा में ठोस काम कर रही है।

## अस्पताल में हुई बीसीएलएस व एसीएलएस कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में महारानी अस्पताल में शनिवार को बीसीएलएस और एसीएलएस जीवनरक्षक प्रक्रियाओं के प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन स्वास्थ्य विभाग और यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद के सहयोग से आयोजित किया गया। हैदराबाद के यशोदा हॉस्पिटल के क्रिटिकल केयर डिपार्टमेंट के एचओडी डॉ. कलाधर एस और उनके सहयोगी मैनेजर रवि यादव द्वारा गंभीर दुर्घटनाओं जैसे रोड एक्सीडेंट, करंट लगने, पानी में डूबने जैसी स्थिति में होने वाली अकाल मौत को रोकने के लिए तात्कालिक तौर पर किए जाने वाले प्रक्रिया को बेहद सरल और प्रभावशील तरीके से साझा किया गया। महारानी अस्पताल समेत जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवारत चिकित्सक, ग्रामीण चिकित्सा सहायक और स्टाफ नर्सों को उक्त सम्बन्ध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया, ताकि दुर्घटनाओं में होने वाली अकाल मौत पर अंकुश लगाया जा सके। इस अवसर पर बेसिक लाइफ सपोर्ट के बारे में भी उपस्थित सभी प्रतिभागियों को समझाया गया। मानसून काल होने की वजह से बस्तर जैसे वनाच्छादित क्षेत्र में सर्पदंश से होने वाली अकाल मौतों पर भी लगाम लगाए जाने के उद्देश्य से उन्हें प्राथमिक तौर पर दिए जाने वाले उपचार के बारे में भी उपस्थित सभी प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक एवं अधीक्षक सह सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के साथ महारानी अस्पताल के एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख डॉ. वीके ध्रुव, डॉ. तृषा, शल्य क्रिया विशेषज्ञ डॉ. एसएन अग्रवाल, डॉ. गुप्ता, डॉ. ए राजा, डॉ. राज, डॉ. भंवर शर्मा, डॉ. श्रेयांश वर्धन जैन, अस्पताल सलाहकार डॉ. नीरज ओझा के साथ ही सभी सीएचसी, पीएचसी से आए चिकित्सकगण और ग्रामीण चिकित्सा सहायक तथा बड़ी संख्या में क्रिटीकल केयर से जुड़े स्टाफ नर्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद रहे।



## छिंदबहार में मनाया गया कारगिल विजय दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

26 जुलाई 1999 की भारतीय सेनाओं की शौर्य गाथा को याद करते हुए कार्यक्रम शुरूआत शहीद भगत और सिंह युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया गया।

सर्वप्रथम अखिलेश त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं का हर अच्छा कार्य देश सेवा है। लुदर सन कश्यप ने अपनी वक्तव्य पर भारतीय सेना की वीरगाथा को बताते हुए युवाओं से देश सेवा हेतु तत्पर रहने को संदेश दिए। तुलादास मानिकपुरी ने सोफिया कुरैशी के शौर्य गाथा को बताते हुए उनके जैसे बनने हेतु प्रेरित किए। प्राचार्य बुधराम कश्यप जी ने कहा कि हमारा हर कार्य देश सेवा है। अतः हर कार्य को दिल से करें समय पर स्कूल आना पढ़ना भी देश सेवा है क्योंकि जब हम अच्छे से पढ़ते हैं बड़े बड़े पदों पर आसीन होते हैं और देश की सेवा करते हैं।



साथ ही एनएसएस सहायक मनोहर सिंह बरनाला ने कहा कि हम लोगों की सेवा, वृक्षों की सेवा करें और देश के वीर जवानों को हमेशा सम्मान दें। अंत में कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार मरावी के और स्वयं सेवकों प्राचार्य के द्वारा शाहिद जवानों की याद में फलदार पेड़ लगाया गया।

## जेसीआई ने पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को जेसीआई टीम द्वारा धुरागांव ग्राम के विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 20 पौधों का रोपण किया गया तथा 100 से अधिक पौधों को निजी स्तर पर लगाने का संकल्प लिया गया, जो पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रशंसनीय पहल है।

इस कार्यक्रम में जेसीआइ टीम के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। टीम का यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी और सफल रहा, जिससे सभी उपस्थित जनों के लिए यह आयोजन एक यादगार अनुभव बन गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सदस्यों ने विद्यालय में बच्चों की सुविधा के लिए संस्था की ओर से बेंच दान करने का निर्णय भी लिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष प्रतीक चिखलीकर, सचिव गौरव डोडिया, उपाध्यक्ष (विकास) नितिन खत्री, प्रोग्राम डायरेक्टर भूपेश सोमानी,आकाश चांडक, गौतम पारेख, विशाल दुल्हनी, कुंदन चांडक,अभिषेक राव एवं अन्य जेसीआई सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम उपरांत सभी सदस्यों ने चित्रकूट भ्रमण कर इस आयोजन का समापन किया।



# बीटीओए ट्रक यूनियन की आम सभा विवादों के बीच हुई संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

दंतेवाड़ा जिला की बैलाडीला की वादियों में वैसे तो मानसून में बारिश ने वातावरण को काफी सुन्दर व शिथिल कर रखा है पर बीटीओए बैलाडीला ट्रक ऑनर्स एसोसिएशन में शुक्रवार को विवादों के बीच संपन्न हुई आम सभा व वार्षिक चुनाव की घोषणा ने बैलाडीला की माहौल को गर्म कर रखा है।

लौह अयस्क परिवहन इस क्षेत्र की एक बड़ी अर्थव्यवस्था एवं रोज़गार का एक बड़ा स्त्रोत है। यह संस्था पूर्व में बस्तर परिवहन संघ जगदलपुर द्वारा संचालित की जाती थीं परंतु स्थानीय सदस्यों एवं ट्रकों की संख्या बढ़ जाने से 2011 से बस्तर परिवहन संघ जगदलपुर से अलग होकर एक क्षेत्रीय संस्था बनाई गई हैं, जिसे बीटीओए नाम दिया गया हैं। जिसमे पिछले कई वर्ष से वार्षिक चुनाव की प्रथा चल रही है, इससे पहले इस संस्था की संचालन रीढ़ की हड्डी कही जाने वाले सुपर कमेटी मतलब वरिष्ठ मनोनीत सदस्यों द्वारा की जाती थीं परंतु अब समय के साथ-साथ गाड़ियों की संख्या बढ़कर अनुमानित 1600 हो चुकी हैं एवं सदस्यों की संख्या भी बढ़ कर अनुमानित 1000 हो चुकी हैं। इन्ही सदस्यों द्वारा मतदान कर हर वर्ष संस्था की संचालन के लिए प्रतिनिधि चुनी जाती हैं। अब लोग इस कुर्सी व पद की गरिमा को देखते हुए चुनावी माहौल में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी-अपनी भाग्य आजमाने की होड़ में लगे हुए है और चुनाव में हिस्सा लेकर अपने नाम का सिक्का जमाना चाहते है। संस्था के लिए इस चुनाव में हर पैनल में कुल 7 पदाधिकारी होते हैं अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव, कोषाध्यक्ष जिनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए होती हैं। वैसे तो इस संस्था में शुरू से ही दो मुख्य पैनल में ही प्रतिस्पर्धा रही है। दोनों ही पैनल एक दुसरे से कई बार हार का स्वाद चख चुके है और किसी भी कीमत पर एक पैनल दुसरे से हारना नहीं चाहते है। वैसे दोनों ही पैनल में धुरंधर लोगों की भरमार रहती है पर धुरंधर लोगों की चर्चा इसलिए कम रहती है की कौन कब अपना निष्ठा किस तरफ कर ले कोई भरोसा नहीं रहती।







जैसे की पिछले साल का चुनाव जहां तरुण सोनी का बनाया हुआ पूरा का पूरा पैनल अच्छी खासी अंतर से जीती पर सचिव पद के प्रत्याशी कृष्ण जीवन शुक्ला अपने प्रतिद्वंद्वी मनोज सिंह से हार गए। सामान्य लोगों में भी आगामी इस चुनाव को लेकर काफी उत्सुकता दिख रही है।

लोगों का मानना है की लौह नगरी बैलाडीला में लौह अयस्क का खनन एवं बैलाडीला से परिवहन होने के कारण ट्रक व्यवसाय से काफी लोगों का रोज़गार जुड़ा हुआ है एवं इससे जुड़ी हुई सदस्यों को समय-समय पर समस्या का सामना भी करनी पड़ती है, जैसे की मंदी के दौर में फाइनेंस ट्रकों की किस्त अदा नहीं कर पाने से फाइनेंस कंपनी द्वारा ट्रकों को सीज कर लिया जाता हैं जिससे ट्रक मालिकों को आर्थिक बोझ से भी जूझना पड़ता हैं। वहीं नगर में ट्रको की पार्किंग के लिए सुविधा प्रयाप्त नहीं होना, समय पर भाड़ा का नहीं मिलना, लोडिंग प्वाइंट तक जाने वाली सड़क का जर्जर हालात, जैसे मुद्दे प्रत्याशियों की चुनावी वादे रहते हैं। परंतु चुनाव जीत कर पद पर काबिज होने के पश्चात सभी वादों को पदाधिकारी भूल जाते हैं। आगामी 13 अगस्त को होने वाली इस चुनाव का परिणाम क्या होंगी एवं इस चुनाव के पश्चात अध्यक्ष की ताज किसके सर पर होंगी एवं अन्य पदाधिकारी कौन कौन बनते है।

